तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 30 अप्रैल 2025

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला

14 अक्ती पर्व पर लोकगीत के साथ हुआ पुतरा-पुतरी ...



14 छात्रों के भविष्य निर्माण में शिक्षकों की भूमिका अहम



## खबर संक्षेप

### भागवत कथा में आज निर्धन कन्या का विवाह

खरोरा। ग्राम गनियारी में संगीतमय श्रीमद भागवत कथा के दौरान 30 अप्रैल को सामूहिक निर्धन कन्या विवाहोत्सव समारोह आयोजित किया गया है। इसमें विवाह करने वाले पात्र हितग्राहियों को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का लाभ महिला विकास विभाग द्वारा प्रदान किया जावेगा। कार्यक्रम में रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल अध्यक्षता करेंगे। विधायक अनुज शर्मा विशिष्ट अतिथि, रायपुर जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल प्रदेश मंत्री भाजपा किसान मोर्चा, वेदराम मनहरे तथा तिल्दा जनपद पंचायत अध्यक्ष टिकेश्वर मनहरे, नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा की अध्यक्ष चंद्रिका वर्मा एवं नगर पंचायत खरोरा की अध्यक्ष सुनिता अनिल सोनी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

### मां और बेटी से मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम बेलसोंडा में मां और बेटी से मारपीट किए जाने के आरोपी में चार लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थिया उषा देवांगन निवासी ग्राम बेलसोंडा 18 मार्च को रोज की तरह घरेलू कार्य कर रही थी कि लगभग सुबह 8.30 बजे दरवाजा खटखटाने का आवाज आई।

निरीक्षण : प्रभारी सचिव परदेशी ने सुशासन दिवस में प्राप्त आवेदनों की विभागावार की समीक्षा

# आवेदकों की भावना और मंशा के अनुरुप हो प्रकरणों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

स्कूल शिक्षा एवं जिले के प्रभारी सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने मंगलवार को जिला प्रवास के दौरान संयुक्त जिला कार्यालय में विभागीय कार्यों एवं सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निराकरण की समीक्षा की। उन्होंने विभागावर प्राप्त आवेदनों एवं निराकरण की स्थिति की विस्तृत समीक्षा करते हुए विधिवत जांच कर गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। प्रभारी सचिव ने कहा कि जिले में सुशासन तिहार अंतर्गत बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त हुए है, जो यह दिखाता है कि जिलेवासी काफी जागरूक है। उन्होंने कहा कि आवेदन में लोगों ने अपनी भावना व मंशा व्यक्त की है, उसी के अनुरूप ही आवेदनों का निराकरण करें। शिकायत से सम्बधित आवेदन का निराकरण विधिवत जांच करने के उपरांत ही करें। इसीतरह राजस्व विभाग से सम्बधित सीमांकन, बटांकन एवं नामांतरण के आवेदनों का शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करें। इसके साथ ही राजस्व कोर्ट में दर्ज प्रकरणों का भी प्राथमिकता से निराकरण करें।

■ विधिवत जांच कर निराकरण करने के निर्देश दिए




### दो लाख से अधिक प्राप्त हुए हैं आवेदन

कलेक्टर दीपक सोनी ने बताया कि सुशासन तिहार अंतर्गत जिले से 2,52,476 आवेदन प्राप्त हुए हैं। द्वितीय चरण में आवेदनों का सकारात्मक निराकरण का प्रयास किया जा रहा है। आवेदकों से सम्पर्क कर निराकरण की जानकारी भी दी जा रही है। उन्होंने दिये गए निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने अधिकारियों को निर्देशित किया। प्रभारी सचिव ने संयुक्त जिला कार्यालय में संचालित सम्पर्क केंद्र का अवलोकन किया। उन्होंने सम्पर्क केंद्र के माध्यम से लोगों की समस्याओं का त्वरित निराकरण की पहल की सराहना की। बैठक में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गौते, मिथलेश डौंडे सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### गांव-गांव में रोजगार सृजन कर ग्रामीणों को रोजगार दिलाये

उन्होंने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि मनरेगा के तहत गांव गांव में रोजगार सृजन कर रोजगार दिलाये। अमृत सरोवर के कार्यों में भी नियोजित करें। इसी तरह स्वास्थ्य, शिक्षा, खाद्य, महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए आमजनों को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली एवं लो वोल्टेज की समस्या को शीघ्र दूर करने के निर्देश दिये। प्रभारी सचिव ने जिले में जल संचयन के लिए चलाए जा रहे मोर गांव, मोर पानी अभियान अंतर्गत नलकूपों के पास सोखता गड्ढा का निर्माण, पक्के मकान में वाटर हार्वेस्टिंग निर्माण की सराहना करते हुए इसे जारी रखने कहा। इसी तरह पेयजल एवं निस्तारी की बेहतर व्यवस्था उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

# नशेड़ी बच्चों का चिन्हांकन व पुनर्वास अभियान जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार जिला कार्यक्रम अधिकारी टी. जाटवर के मार्गदर्शन में जिले के पलारी और सिमगा विकासखंड में नशे के विरुद्ध अभियान चलाया गया। यह अभियान नशे में लिप्त बच्चों के चिन्हांकन, संरक्षण और पुनर्वास के लिए संचालित किया गया। अभियान के दौरान जिले के प्रमुख बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, चौक–चौराहे और अन्य संवेदनशील स्थानों पर नशे की लत में फंसे बच्चों का सर्वेक्षण किया गया, जहां अक्सर नशे के कारोबार और सेवन की घटनाएं सामने आती हैं। इस अभियान में भिक्षावृत्ति और अपशिष्ट संग्रहण कर रहे बच्चों के दीर्घकालिक प्रभावों के बारे में जागरूकता भी फैलाई गई। चिन्हित बच्चों को बालक कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए, ताकि उनका पुनर्वास सुनिश्चित किया जा सके। अभियान में जिला बाल संरक्षण इकाई, खाद्य और औषधि विभाग, श्रम विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग और जिला नोडल कोटपा के अधिकारी उपस्थित थे।

# आंधी-बारिश में कई पेड़ और पोल धराशायी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

मंगलवार की रात सुहेला सहित आसपास के क्षेत्रों में मौसम ने अचानक करवट ली। तेज आंधी और झमाझम बारिश ने लोगों को भीषण गर्मी और लू से राहत तो दी, लेकिन इसके चलते जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया।

तेज हवाओं और बिजली की चमक के बीच हुई मूसलधार बारिश से ग्रामीण क्षेत्रों में तापमान में अचानक गिरावट दर्ज की गई, जिससे लंबे समय से गर्म हवाओं से परेशान लोगों को कुछ राहत मिली।

हालांकि, यह मौसम राहत के साथ-साथ कई समस्याएं भी लेकर आया। तेज हवा के कारण कई स्थानों पर पेड़ उखड़ गए और बिजली के खंभे गिरने से विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। कई गांवों में अंधेरे की स्थिति बनी रही। इसके अलावा, कच्चे मकानों को नुकसान पहुंचा और खेतों में खड़ी फसलों के खराब होने की आशंका जताई जा रही है।



■ रातभर ठप रही बिजली, बारिश ने दी गर्मी से राहत

कुछ इलाकों में जलभराव की स्थिति भी देखने को मिली, जिससे लोगों के आवागमन में बाधा उत्पन्न हुई। ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहने से लोगों को गर्मी और उमस में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग ने आने वाले कुछ दिनों तक इसी तरह के मौसम के बने रहने की संभावना जताई है और लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। तेज बारिश और तूफान की इस अचानक आई आपदा ने एक बार फिर दिखा दिया कि प्रकृति के सामने इंसानी तैयारियां अभी भी अधूरी हैं।

# भाजपा ने किसान नेता टिकैत का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा जिला बलौदाबाजार भाटापारा द्वारा स्थानीय गार्डन चौक बलौदाबाजार में राष्ट्रविरोधी बयान दिए जाने के विरोध में तथाकथित किसान नेता नरेश टिकैत का पुतला दहन किया गया। ज्ञात हो कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान समर्थक आतंकवादियों द्वारा देश के 27 निर्दोष पर्यटकों की धर्म पूछकर क्रूरता पूर्वक हत्या की गई। इस अमानवीय कृत्य से देश आहत है, इस गंभीर कृत्य के प्रतिकार में नरेंद्र मोदी ने सिंधु जल समझौते को रद्द करने की पहल की, जो कि अत्यंत दुर्भाग्य पूर्ण है कि देश के भीतर ही कुछ स्वघोषित नेता राष्ट्रहित निर्णय का विरोध कर रहे हैं। कथित किसान नेता नरेश टिकैत का बयान अत्यंत दुर्भाग्यजनक है, जो कि 140 करोड़ जनता की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता पर सीधा प्रहार है। नरेश टिकैत जैसे लोग देश की रोटी खाकर देश के विरोध में बयान देते हैं, ऐसे देश द्रोही नेताओं पर देश द्रोह का मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग भाजपा किसान मोर्चा जिला बलौदाबाजार के जिला अध्यक्ष द्वारिका वर्मा ने की है। पुतला दहन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य टेसू लाल धुरंधर, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, जिला महामंत्री भाजपा कृष्णा अवस्थी, जिला उपाध्यक्ष नरेश केशरवानी, जिला मीडिया प्रभारी भाजपा रितेश श्रीवास्तव, राहुल सोनी, मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा नेतराम साहू, राजकुमार बंजारे, भरत वर्मा, शिवप्रसाद ध्रुव, मालिक राम वर्मा, सुधेराम वर्मा, डागेश्वर ध्रुव, हितेश वर्मा, मनहरण यदु, खोरबहरा ध्रुव, शत्रुघ्न ध्रुव, बिरजू निषाद, विशेषर ध्रुव, होरीलाल यादव, झड़ी ध्रुव, गोलू ध्रुव, रूपसिंह साहू, राजू वर्मा, राजकुमार यदु, अजय साहू, गजेन्द्र साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपाई उपस्थित थे।





# दिवंगत व्याख्याता की पत्नी को दी गई अग्रेसिया राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गोड़ा में पदस्थ व्याख्याता शिक्षक कुलेश्वर वर्मा के आकस्मिक निधन उपरांत उनके निवास स्थान पलारी में उनके पत्नी पुष्पलता वर्मा को अग्रेसियस राशि 50 हजार प्रदान की गई। इस मौके पर डीडीओ प्राचार्य डीएस डाहरे, गोड़ा के प्राचार्य डीके साहू, मोहन बंजारे, वटगन प्राचार्य हेमन्त वर्मा, देवसुन्द्रा प्राचार्य रोहित जायसवाल, जीएन वर्मा, उमाशंकर साहू, राजकुमार सोनवानी, पटेलजी, सरजू वर्मा सहित प्रमुख लोग उपस्थित थे।

# पटवारी से मारपीट, बंधक बनाया, शासकीय कागजात फाड़कर मोबाइल तोड़ा, 9 धाराओं में जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम पेंड्रावन में ग्रामीणों के आवेदन का निराकरण कर पटवारी के साथ 8-10 लोगों ने मारपीट करते हुए शासकीय कागजात को फाड़कर मोबाइल तोड़ दिया। मामले में सांकरा थाने में आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न 9 धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

सांकरा थाने में दर्ज कराए गए एफआईआर के अनुसार सांकरा का निवासी व ग्राम पेंड्रावन में पदस्थ पटवारी विनय पटेल पिता श्याम कुमार पटेल 28 अप्रैल को लगभग 10.20 बजे बजे ग्राम पंचायत भवन पेण्ड्रावन में सुशासन तिहार 2025 के आवेदनों (शासकीय कार्य) का निराकरण करने के लिए उपस्थित थे। इस दौरान वह ग्राम कोटवार सद्‌माबाई एवं भूमिहीन कृषक रमेश पिता गोकुल, आशाराम का प्रतिवेदन बना रहा था, तभी ग्राम नवागांव निवासी निरंजन एवं ग्राम पेंड्रावन निवासी टिकेंद्र, त्रिपन, मनोज, यशवंत कुमार सहित 8-10 लोग टिकेंद्र के बोलेरो गाड़ी में आए एवं ग्राम पंचायत भवन के सामने आकर, हमारा काम नहीं करता, कहते हुए पटवारी के सिर, गाल, गर्दन, कंधा, पीठ, कमर, जांघ में मारपीट करने लगे तथा जान से मार देने की धमकी दी। वहीं निरंजन ने प्रार्थी का मोबाईल छीन कर तोड़ दिया। आरोपी टिकेंद्र ने शासकीय कागजात को फाड़ दिया गया। प्रार्थी ने एफआईआर में बताया कि इसके बाद सभी लोगों ने उसे बंधक बनाकर एक घंटे तक ग्राम पंचायत भवन में रखा। दूसरे ग्रामीणों को आता देखकर आरोपी भाग निकले। मारपीट की घटना को देखकर ग्राम कोटवार सद्‌माबाई बेहोश हो गई। प्रार्थी ने बताया कि उक्त घटना दौरान उसका मोबाइल टूट गया और 13,000 का नुकसान हुआ।

### शराब पिलाने की सुविधा देने पर कार्रवाई

**महासमुंद।** कोमाखान पुलिस ने सरस्वती शिशु मंदिर के पास कोमाखान लोगों को अवैध शराब पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले एक व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की है। मामले में आरोपी धनेश धीवर पिता रामलाल धीवर (47 साल) लुकुपाली के खिलाफ धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

शोक संदेश



स्व. श्रीमती पूर्णिमा चन्द्राकर

मृतक की आत्मा को शांति प्रदान करने हेतु आयोजित मृतक कर्मकाण्ड में आपकी सपरिवार उपस्थिति प्रार्थनीय है।

" माँ, आपकी यादें हमेशा हमारे साथ रहेंगी, और आपका प्यार हमें हमेशा प्रेरित करता रहेगा। "

कार्यक्रम

त्रिगात्र : दिनांक 23.04.2025, दिन बुधवार
दशगात्र : वैशाख सुदी 3, दिनांक : 30.04.2025, दिन बुधवार
शांति भोज - स्थान : 36 फोर्ट, बालोद रोड, कोलिहापुरी, दुर्ग समय : दोप. 12 बजे से
नोट:- दशगात्र पिण्ड - शिवनाथ नदी दुर्ग (महमरा घाट) में दोपहर 01:00 बजे तक सम्पन्न होगा।

शोकाकुल परिवार:
गुहा, गोविन्द, बल्ला, होरीलाल, नन्द, मनोज, सुरेन्द्र, पप्पू, गोप, रेवेन्द्र, गोलू, सोलू, शुभम, दोनर, सेमरा, छाती एवं समस्त लड़ेर चन्द्राकर परिवार।

विनीतः अशोक चन्द्राकर (पुत्र)
ललित चन्द्राकर (पुत्र)
(विधायक दुर्ग ग्रामीण एवं उपाध्यक्ष
(कैबिनेट मंत्री दर्जा)
छ.ग. राज्य ग्रामीण एवं अपिव क्षे.वि.प्रा. छ.ग. शासन)
जय, नमन, नयन चन्द्राकर (प्रपौत्र)

निवास: गजानंद मंदिर के पास, आमापारा, दुर्ग
7879563887, 9827482953, 7000147174, 9827489009, 8770529476, 9479203828

नोट - जिस किसी सज्जन को शोक पत्र ना मिला हो वह इसे ही शोक पत्र समझे

बाजार में मिट्टी के मटके समेत अन्य सामानों की दुकानें लगीं

# अक्षय तृतीया का पर्व आज, गुड्डे-गुड़ियों की हुई खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाने वाला अक्षय तृतीया बुधवार 30 अप्रैल को मनाया जाएगा। यह पर्व हिंदू धर्म में अत्यंत शुभ माना गया है। तृतीया तिथि का प्रवेश 29 अप्रैल की रात 8 .12 बजे से होगा और 30 अप्रैल की शाम 6 बजे तक तृतीया तिथि प्रभावी रहेगी। अक्षय तृतीया को लेकर बाजार में रौनक है। नगर के प्रमुख चौक-चौराहों पर मिट्टी के मटके, गुड्डे-गुड़ियों व अन्य सामानों की दुकानें लग चुकी हैं। बता दें कि अक्षय तृतीया को हिंदू धर्म की मान्यताओं के अनुसार सबसे शुभ तिथि माना जाता है और इस दिन कोई भी शुभ कार्य बिना पंचांग देखे और बिना मुहूर्त निकाले किया जा सकता है। हिंदू धर्म में कई पौराणिक मान्यताएं चली आ रही हैं, इसे युगादि तिथि भी मानी जाती है। इस दिन ही त्रेता युग आरंभ हुआ और भगवान परशुराम का अवतार भी इस दिन हुआ था। धर्म में अक्षय तृतीया को सुख-समृद्धि, सौभाग्य और नई शुरूआत के रूप में देखा जाता है। यह दिन मुख्य रूप से धन की देवी मां लक्ष्मी की पूजा को समर्पित है। इस दिन ज्यादातर लोग बिना मुहूर्त देखे शादी-ब्याह आदि मांगलिक कार्यक्रम कराते हैं। पर्व के करीब आते ही इन दिनों बाजार में पारंपरिक खिलौनों ने बाजार की रौनक और बढ़ा दी है। बर्तन, ज्वेलरी, विवाह, चूड़ी व कास्मेटिक, सराफा, कपड़ा, ऑटोमोबाइल्स, साज-सज्जा के सामान जमकर बिक रहे हैं। इसके अलावा दूल्हे की पगड़ी, कटार तथा विवाह में लगने वाली पूजा सामग्री जैसे परी, टोकरी, मंगरोहन, नांदी टोहटी, कलश आदि के सामान जगह-जगह बिक रहे हैं।



### रचाई जाएगी गुड्डा-गुड़ियों की शादी

अक्षय तृतीया को प्रदेश में अक्ती तिहार के रूप में मनाया जाता है। वैशाख में गर्मी की अधिकता रहती है। इसलिए शरीर को ठंडा रखने के लिए या बीमारी से बचने के लिए मिट्टी के घड़े का पानी सत्तू, गुड़ आम, तरबूज आदि का उपयोग करने से पहले उनका दान किए जाने की परंपरा चली आ रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में मिट्टी के गुड्डे- गुड़ियों का विवाह करने की परंपरा वर्षों से बच्चों के माध्यम से निभाई जाती है। जिसका उद्देश्य बच्चों को विवाह का महत्व बताना है। बच्चे भी गुड़ियों का विवाह बड़े हर्ष के साथ कराते हैं। मिट्टी के गुड्डे- गुड़ियां पिछले कई दिनों से बाजार में बिकने लगे हैं।

**खबर संक्षेप**



## शिविर में आंखों की जांच निशुल्क चश्मा वितरण

**रायपुर।** विधायक राजेश मूणत के जन्मदिन के अवसर पर डीडी नगर में पार्षद आशु चंद्रवंशी द्वारा आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 300 के करीब पंजीकृत नागरिकों का स्वास्थ्य चेकअप किया गया, जिसमें 283 नागरिकों को आवश्यकता अनुसार निःशुल्क चश्मा वितरित किया गया। अमृतम स्वास्थ्य संस्था के सौजन्य से आयोजित इस शिविर का शुभारंभ रायपुर की महापौर मीनल चौबे ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया एवं सभी नागरिकों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। इस अवसर पर भाजपा दीनदयाल मंडल के अध्यक्ष दिनेश तिवारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष नवीन शर्मा, जिला उपाध्यक्ष गोपी साहू सहित नागरिक मौजूद रहे।

## श्रीनगर से सकुशल वापसी पर रूपेश ने की कलेक्टर से मुलाकात

**महासमुंद।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के दौरान श्रीनगर की डल झील के गेट क्रमांक 2 के पास बागबाहरा के सेवानिवृत शिक्षक रुपेश तिवारी अपने परिवार के साथ फंसे हुए थे। सकुशल वापसी पर उन्होंने कलेक्टर विनय लंगेह से मिलकर उनके संवेदनशील पहल के लिए आभार व्यक्त किया। जैसे ही कलेक्टर विनय लंगेह को इसकी जानकारी हुई, उन्होंने तत्काल संज्ञान लेते हुए दूरभाष के माध्यम से तिवारी से उनका कुशल क्षेम पूछा तथा उनकी वापसी के लिए आवश्यक परामर्श देते हुए उनकी सकुशल वापसी हेतु पहल की। जिसके फलस्वरूप तिवारी बागबाहरा अपने परिवार के साथ सकुशल पहुंच गए। रुपेश तिवारी मंगलवार को कलेक्टर लंगेह से सौजन्य भेंट करने के पहुंचे। उन्होंने कलेक्टर लंगेह को पुष्प गुच्छ भेंट करते हुए उनकी संवेदनशीलता के लिए हृदय से आभार प्रकट किया। इस दौरान तिवारी ने बताया कि श्रीनगर के डल झील में स्थित कन्वेंशन सेंटर में मोरारी बापू की राम कथा में शामिल होने के लिए वे श्रीनगर 19 अप्रैल पहुंचे थे। कथा श्रवण के पश्चात उनका भी पहलगाम की बैसरन घाटी जाने का कार्यक्रम था।

## 15 जून तक शिक्षक भर्ती प्रक्रिया शुरू करें

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में शिक्षा व्यवस्था को लेकर एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखा है। पत्र में प्रदेश के स्कूलों में 57,000 शिक्षकों और कॉलेजों में 2,160 प्रोफेसरों के पद रिक्त होने की बात कही गई है। रिक्त पदों के कारण छात्र-छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। भाजपा ने अपने चुनावी घोषणापत्र में इन पदों पर भर्ती का वादा किया था। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार को बने 16 महीने हो चुके हैं। अभी तक शिक्षा के इस अहम मुद्दे पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने मांग की है कि सरकार 15 जून से पहले भर्ती प्रक्रिया शुरू करे। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर 15 जून तक भर्ती प्रक्रिया शुरू नहीं होती है, तो एनएसयूआई प्रदेशभर में चरणबद्ध आंदोलन करेगी।

# एक मई को भाजपा की बड़ी कार्यशाला, आएंगे पूर्व केंद्रीय मंत्री, सीएम सहित पूरा मंत्रिमंडल, सांसद, विधायक भी रहेंगे

**वक्फ बोर्ड बिल को लेकर चलाए जाने वाले जनजागरण अभियान को लेकर बनेगी रणनीति**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वक्फ संशोधन बिल को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने देशभर में जनजागरण अभियान चलाने का फैसला किया है। इस अभियान को प्रारंभ करने से पहले सभी राज्यों में राज्य संगठनों की कार्यशाला की जा रही है। छत्तीसगढ़ में कुशाभाऊ ठाकरे परिसर रायपुर में पहले 25 अप्रैल को कार्यशाला रखी गई थी, लेकिन इसको स्थगित कर दिया गया था, अब इसको एक मई को करने का फैसला किया गया है। इस कार्यशाला में पूर्व केंद्रीय मंत्री राधा मोहन सिंह आएंगे। पहले इसमें भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री और जनजागरण अभियान के राष्ट्रीय प्रभारी दुष्यंत गौतम आने वाले थे। इस कार्यशाला में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, पूरा मंत्रिमंडल, सभी विधायक, सांसद और प्रदेश के सभी जनप्रतिनिधि रहेंगे।

वक्फ संशोधन विधेयक लोकसभा और राज्यसभा में पास होने तथा राष्ट्रपति के हस्ताक्षर होने के बाद अब यह कानून बन गया है, लेकिन यह मामला सुप्रीम कोर्ट भी चला गया है। इधर इसका विरोध भी हो रहा है। ऐसे में अब भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने तय किया है कि देश के हर राज्य में इस बिल के संबंध में जन जागरण अभियान चलाया जाए। इसके लिए मई से जनजागरण अभियान चलाने का फैसला किया गया है।



### कार्यशाला में बनेगी रणनीति

कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में एक मई को सुबह 11 बजे से होने वाली कार्यशाला में पूर्व केंद्रीय मंत्री राधा मोहन सिंह, प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश के सभी मंत्री, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, प्रदेश के संगठन महामंत्री पवन साय, प्रदेश के सभी पदाधिकारी, कोर कमेटी, सभी सांसद, विधायक, नगर निगमों के महापौर, सभापति, नगरपालिका, नगर पंचायतों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जिला पंचायतों के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष, सभी जनप्रतिनिधि, सभी जिला अध्यक्ष, जिले-संभाग के प्रभारी, मोर्चा के अध्यक्ष, प्रकोष्ठ के संयोजक, जन जागरण अभियान के लिए बनाई गई समिति के सदस्य शामिल होंगे। कार्यशाला में यह रणनीति तय होगी कि किस तरह से मुस्लिम समुदाय के घर-घर जाकर वक्फ बिल के बारे में जानकारी देनी है और बताना है कि यह मुस्लिम समुदाय के लिए कितना फायदेमंद है। पहले जन जागरण का आयोजन जिला स्तर पर होगा, इसके बाद मंडलों में भी कार्यक्रम होंगे। कार्यशाला में पूर्व केंद्रीय मंत्री राधा मोहन सिंह, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, संगठन महामंत्री पवन साय, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल का मार्गदर्शन मिलेगा।

# जिले में नामांतरण के 13 हजार प्रकरण पेंडिंग, इनमें 11 हजार से अधिक अविवादित फिर भी निराकरण में देर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले की तहसीलों में नामांतरण के करीबन 13 हजार प्रकरण लंबित हैं। इन प्रकरणों में 11 हजार से अधिक प्रकरण अविवादित हैं। इसके बाद भी प्रकरणों के निराकरण करने में देर की जा रही है। विभागीय अधिकारी के अनुसार अविवादित नामांतरण के प्रकरण एक माह के भीतर निराकरण किए जाने का नियम है। इसके बाद भी कई प्रकरणों के निराकरण समय-सीमा खत्म होने के बाद नहीं किए गए हैं। जिले में ऐसे सैकड़ों अविवादित प्रकरण हैं, जिनका निराकरण समय सीमा खत्म होने के बाद भी नहीं किया गया हैं।

### 75 प्रतिशत प्रकरण पंजीयन विभाग से रजिस्ट्री के बाद फारवर्ड किए गए

तहसीलों में नामांतरण के लंबित प्रकरणों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इनमें पंजीयन विभाग से रजिस्ट्री के बाद नामांतरण के लिए फारवर्ड किए गए प्रकरणों के अलावा किसी परिवार में प्रॉपर्टी का बंटवारा के बाद नामांतरण, मुखिया की मौत के बाद नामांतरण, कई प्रकरण ऐसे भी जिनमें रजिस्ट्री होने के बाद उस पर आपत्तियां लगाई गई हैं। हालांकि इनमें करीब 75 प्रतिशत प्रकरण ऐसे हैं, जो पंजीयन विभाग से रजिस्ट्री के बाद नामांतरण के लिए फारवर्ड किए गए हैं।



**तहसीलवार लंबित प्रकरणों की स्थिति**

| तहसील | विवादित | अविवादित | कुल |
|---|---|---|---|
| रायपुर | 929 | 5373 | 6302 |
| धरसींवा | 59 | 1332 | 1391 |
| आरंग | 257 | 644 | 901 |
| मंदिर हसौद | 18 | 579 | 597 |
| अभनपुर | 155 | 993 | 1148 |
| गोबरानवापारा | 88 | 593 | 691 |
| खरोरा | 37 | 545 | 582 |
| तिल्दा | 84 | 554 | 638 |

### 1660 प्रकरण विवादित, 90 दिनों में निराकरण का नियम पर कई सालों से लंबित

जिले में नामांतरण के करीब 1300 प्रकरणों में 1660 प्रकरण विवादित हैं। गाइड लाइन के अनुसार विवादित प्रकरण के निराकरण की समय-सीमा 90 दिन है। इस तरह किसी भी तरह तहसील में विवादित नामांतरण के प्रकरण को भी 90 दिनों के भीतर निराकरण करना होता है, लेकिन जिले में ऐसे सैकड़ों प्रकरण हैं, जिनका निराकरण पिछले कई वर्षों से नहीं हो पाए हैं। इन प्रकरणों के पक्षकारों को बार-बार तहसील कार्यालयों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं।

### सीमांकन के 823 प्रकरण लंबित

जिले में नामांतरण के अलावा सीमांकन के भी 823 प्रकरण लंबित हैं। इनमें भी 195 प्रकरण ऐसे हैं, जिनके निराकरण किए जाने की समय-सीमा खत्म हो गई है। इसके बाद भी इनका निराकरण नहीं किया गया है। इन लंबित प्रकरणों में भी सबसे ज्यादा 302 प्रकरण रायपुर तहसील में लंबित हैं। इसी प्रकार धरसींवा में 82, आरंग में 52, मंदिर हसौद में 61, अभनपुर में 80, गोबरानवापारा में 198, खरोरा में 24 एवं तिल्दा में 823 प्रकरण लंबित हैं।

### निर्देश दिए हैं, तेजी से किया जा रहा निराकरण

तहसील कार्यालयों में नामांतरण, सीमांकन सहित राजस्व के सभी लंबित प्रकरणों के निराकरण के काम में तेजी लाने निर्देश दिए हैं। इसके तहत तहसीलदार अवकाश के दिनों में भी काम कर रहे हैं, जिससे लंबित प्रकरणों की संख्या तेजी से घट रही है।

- डा. गौरव कुमार सिंह, कलेक्टर रायपुर

# रेलवे के बुकिंग ऑफिस की तर्ज पर डीकेएस की ओपीडी में लगेगा टोकन डिस्प्ले सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

डीके अस्पताल आने वाले मरीजों को ओपीडी पर्ची के लिए अब लाइन लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। वहां के ओपीडी काउंटर में रेलवे स्टेशन के बुकिंग ऑफिस की तरह टोकन डिस्प्ले सिस्टम लगाया जाएगा। अस्पताल के औचक निरीक्षण पर पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इसके निर्देश दिए। उन्होंने वार्डों में बिगड़ी एसी पर नाराजगी जताई और सुधार के लिए 24 घंटे का अल्टीमेटम भी दिया।

स्वास्थ्य मंत्री सोमवार सुबह अचानक डीके अस्पताल पहुंचे। उन्होंने ओपीडी की व्यवस्था के साथ वार्डों में जाकर भर्ती मरीजों से उपचार सुविधा का फीड बैक लिया। ओपीडी पर्ची के लिए लगी लाइन को देखकर मरीजों की सुविधा के लिए उन्होंने काउंटर में डिस्प्ले बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। इससे मरीज अपनी बारी में काउंटर पर जाकर प्राप्त कर सकेंगे। इसके अलावा उन्होंने विभिन्न वार्डों में जाकर भर्ती मरीजों से अस्पताल के उपचार सुविधा की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने पाया कि अस्पताल के कई वार्डों में एयर कंडीशनर (एसी) खराब हैं, जिसके कारण मरीजों को गर्मी में असुविधा हो रही है। इसे गंभीरता से लेते हुए जायसवाल ने अस्पताल प्रबंधन को 24 घंटे के भीतर सभी खराब एसी को ठीक करने या नया एसी लगाने के निर्देश दिए। जायसवाल ने कहा कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं और आरामदायक वातावरण प्रदान करना हमारी प्राथमिकता है और ऐसी स्थिति में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



# पीएम आवास से संबंधित कार्यों की रीयल टाइम ट्रैकिंग पर मुख्यमंत्री साय का जोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सोमवार को मंत्रालय में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा, पंचायतों को सशक्त बनाकर राज्य के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। पंचायतें हमारी विकास यात्रा की पहली कड़ी हैं और ग्रामीण विकास के लिए संचालित योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रत्येक गरीब परिवार को पक्का आवास देने का जो संकल्प लिया गया है, उससे जुड़े सभी कार्य समय-सीमा में पूरे किए जाएं। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मोर दुआर-साय सरकार अभियान के अंतर्गत चल रहे सर्वेक्षण कार्य की समीक्षा करते हुए 20 लाख से अधिक परिवारों के सर्वेक्षण पूर्ण होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने पीएम जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों के लिए स्वीकृत आवासों के समय पर निर्माण और सतत समीक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, पीएम आवास से संबंधित कार्यों की रियल टाइम ट्रैकिंग पर विशेष जोर देते हुए किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाली पंचायत होंगी सम्मानित

मुख्यमंत्री श्री साय ने मनरेगा के कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिक से अधिक रोजगार सृजन और कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने पंचायती राज दिवस पर आरंभ मोर गांव मोर पानी महाअभियान के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने और उसमें भू-जल पुनर्भरण एवं जलग्रहण विकास के लिए जीआईएस तकनीक के समावेश के निर्देश दिए। उन्होंने त्रिस्तरीय पंचायती राज प्रतिनिधियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले सदस्यों को पंचायती राज दिवस पर सम्मानित करने की योजना पर भी चर्चा की।

### नियद नेल्लानार योजना से ग्रामीणों को मिला नया संबल

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव निहारिका बारिक ने जानकारी दी कि नियद नेल्लानार योजना के तहत ग्राम पंचायतों में मनरेगा के अंतर्गत 6,324 नए जॉब कार्ड बनाए गए हैं। बस्तर संभाग की 4 ग्राम पंचायतों के 8 गांवों में पहली बार योजना के अंतर्गत कार्य प्रारंभ हुए हैं। साथ ही 913 जॉब कार्डधारी परिवारों के 3,134 सदस्यों को पहली बार मनरेगा में रोजगार मिला है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद युवा प्रोत्साहन योजना के माध्यम से नियद नेल्लानार योजना में शामिल गांवों के युवाओं के लिए प्राथमिकता से भ्रमण कार्यक्रम आयोजित करने पर अपनी खुशी जाहिर की और इसे निरंतर जारी रखने के निर्देश दिए।

### आने वाले दस सालों की जरूरत के हिसाब से पानी की व्यवस्था पर हो काम

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने मंत्रालय में आयोजित बैठक में विभाग द्वारा किए जा रहे बड़े कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने चालू वित्तीय वर्ष की प्राथमिकताओं पर चर्चा कर विभाग द्वारा संचालित केंद्र और राज्य शासन की योजनाओं के मैदानी स्तर पर क्रियान्वयन की भी जानकारी ली। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव और मुख्य सचिव अमिताभ जैन भी समीक्षा बैठक में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने बैठक में अधिकारियों को शहरों में आने वाले दस वर्षों की जरूरत के हिसाब से पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने की कार्ययोजना बनाने और उन पर काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने शहरों के आउटर में विकसित हो रहे नए रिहायशी इलाकों में प्राथमिकता से उद्यान बनाने को कहा, ताकि बच्चों को खेलने-कूदने तथा बड़े-बुजुर्गों को वॉकिंग, जॉगिंग, योग और शारीरिक व्यायाम के साथ ही आमोद-प्रमोद की जगह सुलभ हो सके। मुख्यमंत्री ने सभी नगरीय निकायों में अटल विश्वास पत्र पर प्रमुखता से अमल करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, शहरों को सुंदर और स्वच्छ बनाने जन भागीदारी बढ़ाने के साथ ही इंदौर जैसे बेहतर सफाई व्यवस्था वाले शहरों में नगर निगमों के आयुक्तों को अध्ययन के लिए भेजें।

■ मुख्यमंत्री ने नगरीय प्रशासन विभाग के कार्यों की समीक्षा की

### ग्रामीण क्षेत्रों बुनियादी सुविधाए विकसित करें

मुख्यमंत्री ने नगरीय प्रशासन विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा, शहरी आबादी से सटे ग्रामीण क्षेत्रों में अन्य विभागों से समन्वय बनाकर बुनियादी शहरी सुविधाएं विकसित करें। इससे निकट भविष्य में समीपवर्ती ग्रामीण इलाकों के नगरीय निकाय में शामिल होने या नए नगरीय निकाय के रूप में अस्तित्व में आने पर शहरों के मुताबिक व्यवस्थाएं और जन सुविधाएं विकसित करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, निर्माण और विकास कार्यों की प्रगति की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए एप या ऑनलाइन सिस्टम तैयार करें।

# सरकारी दफ्तरों में ई-ऑफिस सिस्टम लागू, पर डाक हार्डकापी में आई तो क्या करेंगे, सरकार ने समझाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ का मंत्रालय, विभागाध्यक्ष भवन सहित जिलों के सभी बड़े सरकारी दफ्तरों में ई ऑफिस सिस्टम लागू कर दिया गया। यानी सारी फाइलें ई सिस्टम के माध्यम से ऑनलान चलेंगी। यही नहीं कोई विभाग अगर पत्र भी भेजेगा तो वह ई मेल से। ऐसे में अगर कोई दस्तावेज हार्ड कॉपी के रूप में आता है, तो उसका निपटारा कैसे किया जाएगा। यही सवाल शासकीय कर्मियों के मन में भी होगा, लेकिन अब सरकार ने इसका हल निकाला है। इस काम के लिए अब रिसीप्ट मॉड्यूल का उपयोग किया जाएगा। इस मामले को लेकर सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने प्रदेश के सभी विभागों, राजस्व मंडल बिलासपुर, सभी विभागाध्यक्ष, सभी संभागीय आयुक्त, सभी कलेक्टर छत्तीसगढ़ को रिसीप्ट मॉडयूल के उपयोग के बारे में समझाया और उसका पालन करने का तरीका बताया गया है।

### भौतिक डाक मिले तो क्या करें बड़े अधिकारी

निर्देश में कहा गया है कि अगर भारसाधक सचिव, कार्यालय प्रमुख अथवा डाक प्राप्तकर्ता अधिकारी को भौतिक डाक मिले तो क्या करना है। डाक की भौतिक प्रति प्राप्त होने पर, उसे अधिकारी द्वारा चिह्नित और हस्ताक्षरित किया जाना होगा। हस्ताक्षरित डाक को निज स्टॉफ द्वारा स्कैन करके ई ऑफिस के रिसीट सेक्शन में अपलोड किया जाना होगा। उसके बाद निज स्टॉफ द्वारा ऑनलाईन रिसीट को चिन्हित अधिकारी को भेजना होगा।

**राज्य के सभी बड़े कार्यालय में लागू है नया सिस्टम | अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए सरकार के निर्देश**




### निज स्टॉफ के हिस्से होगा ये काम

डाक की भौतिक प्रति प्राप्त होने पर, निज स्टॉफ द्वारा डाक को स्कैन कर ई-ऑफिस सिस्टम में रिसीट बनाया जाना होगा। निज स्टॉफ द्वारा रिसीट को ई-ऑफिस के माध्यम से संबंधित अधिकारी को ऑनलाईन भेजना होगा। अधिकारी द्वारा रिसीट को ई-ऑफिस सिस्टम में संबंधित अधिकारी को ऑनलाईन अग्रेषित करेंगे। इसके साथ ही ये विकल्प भी है कि अधिकारी के द्वारा स्वयं भी भौतिक डाक को स्कैन कर ई ऑफिस में अपलोड कर रिसीप्ट मॉडयूल में में संबंधित अधिकारी या कर्मचारी को भेजा जा सकेगा।

### अधीनस्थ अधिकारियों को ये करना होगा

ऑनलाइन प्राप्त रिसीट को विभाग के अधीनस्थ अधिकारी द्वारा ई ऑफिस के माध्यम से अन्य अधिकारी या कर्मचारी को अग्रेषित किया जाएगा। या अधिकारी द्वारा रिसीट्स को निज स्टॉफ को अग्रेषित किया जा सकेगा। निज स्टॉफ के द्वारा रिसीट्स को कार्यवाही हेतु संबंधित अधीनस्थ अधिकारी या कर्मचारी को फारवर्ड किया जा सकेगा।

### ऐसे होगा डाक प्रबंधन

डाक प्रबंधन के संबंध में निर्देश हैं कि कार्यालय में प्राप्त भौतिक डाक की पंजीकरण प्रक्रिया हमेशा ई-ऑफिस के 'रिसीट सेक्शन में की जानी चाहिए, न कि लेटर सेक्शन में। ई-ऑफिस रिसीट के लिए सिस्टम द्वारा जनरेट कंप्यूटर नबर को, स्कैन की गई दस्तावेजों की भौतिक प्रति पर लिखा जाना चाहिए। मध्यस्थ अधिकारी ई-ऑफिस में डाक चिह्नित (मार्किंग) करेंगे, इसलिए भौतिक दस्तावेज सीधे अनुभाग (सेक्शन) में भेजे जा सकते हैं। इससे डाक मार्किंग में पुनरावृत्ति नहीं होगी।

**पारिश्रमिक की राशि ऑनलाईन सीधे बैंक खातों में**

# तेन्दूपत्ता संग्रहण शुरू, 22 हजार मानक बोरा हुआ जमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य में तेन्दूपत्ता संग्रहण का कार्य तेजी से शुरू हो चुका है। बस्तर संभाग के सुकमा, दंतेवाड़ा और जगदलपुर जिला यूनियन में 28 अप्रैल तक 22 हजार मानक बोरा तेन्दूपत्ता संग्रहित हो चुका है। तेन्दूपत्ता एवं लुघ वनोपज के संग्राहकों को संग्रहण पारिश्रमिक की राशि सीधे उनके बैंक खातों में ऑनलाईन भुगतान की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

इसके लिए छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा एक सॉफ्टवेयर ऑनलाईन एमएफपी कलेक्शन एण्ड पेमेंट सिस्टम तैयार किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व और वन मंत्री केदार कश्यप के मार्गदर्शन में राज्य में तेन्दूपत्ता संग्राहकों को प्रति मानक बोरा 5500 रुपए का पारिश्रमिक भुगतान किया जा रहा है।



### 5500 रुपए प्रति मानक बोरा दर

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर राज्य में तेन्दूपत्ता संग्रहण की पारिश्रमिक दर 4000 रूपए प्रति मानक बोरा से बढ़ाकर 5500 रूपए प्रति मानक बोरा कर दी गई है। इसका लाभ संग्राहकों को वर्ष 2024 से ही मिल रहा है। राज्य में इस साल 16 लाख 72 हजार मानक बोरा तेन्दूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य है। इस लक्ष्य की पूर्ति होने पर राज्य के लगभग 14 लाख संग्राहक परिवारों को लगभग 920 करोड़ रूपए की राशि पारिश्रमिक के रूप में भुगतान की जाएगी।

### 16 लाख 72 हजार मानक बोरा का है लक्ष्य

यहा यह उल्लेखनीय है कि वर्ष 2025 में राज्य में तेन्दूपत्ता संग्रहण का कार्य 31 जिला वनोपज सहकारी यूनियनों के अंतर्गत संचालित 902 प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के 954 लाटों में किया जा रहा है। राज्य में इस साल 16 लाख 72 हजार मानक बोरा तेन्दूपत्ता संग्रहण का अनुमानित लक्ष्य है, जिसमें से 5 लाख 64 हजार मानक बोरा तेन्दूपत्ता का संग्रहण बस्तर संभाग में होना है। यहां यह उल्लेखनीय है कि राज्य की 21 जिला यूनियनों की 868 समितियों के समस्त 661 लॉटों की अधिसूचित मात्रा 10.08 लाख मानक बोरा तेन्दूपत्ता का अग्रिम विक्रय 767 करोड़ रुपए में किया जा चुका है।

# अब आमजन भी देख सकेंगे दवा आपूर्ति और अस्पताल निर्माण की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अब आम आदमी भी सरकारी अस्पतालों में दवा आपूर्ति और वहां होने वाले निर्माण कार्यों की जानकारी रख सकेगा। सीजीएमएससी द्वारा इसके लिए बनाए गए ड्रग प्रोक्योरमेंट एंड डिस्ट्रीब्यूशन मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम (डीपीडीएमआईएस) पोर्टल को सार्वजनिक कर दिया गया है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश में बनाए गए इस पोर्टल के माध्यम से प्रदेश के मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल, सीएचसी या पीएचसी में दवा और चिकित्सीय उपकरणों की आपूर्ति, वितरण, स्टॉक की स्थिति और यहां तक कि निर्माणाधीन अस्पताल भवनों की प्रगति को भी रियल-टाइम में देखा जा सकता है। इसके अलावा दवा एवं उपकरण खरीद से संबंधित सभी निविदाएं, स्वीकृत आपूर्तिकर्ता और अनुबंध मूल्य सूची सार्वजनिक रूप से उपलब्ध होगी। दवाओं की डिलीवरी, स्टॉक की वर्तमान स्थिति और लंबित मांग की जानकारी दिन-प्रतिदिन अपडेट हो रही है। इसके अलावा दवा परिवहन में लगे वाहनों की लाइव लोकेशन और उनके रूट की जानकारी भी नागरिक देख सकते हैं। दवा निगम की एमडी पद्मिनी भोई ने बताया कि पोर्टल न केवल स्वास्थ्य सेवाओं की दक्षता में अभिवृद्धि करेगा, बल्कि कार्य में पारदर्शिता, भ्रष्टाचार नियंत्रण तथा नागरिकों के विश्वास में वृद्धि हेतु एक प्रभावशाली माध्यम सिद्ध होगा। यह पहल छत्तीसगढ़ राज्य में सुशासन की दिशा में एक अनुकरणीय प्रयास है, जो भविष्य की स्वास्थ्य सेवा योजनाओं को सशक्त आधार प्रदान करेगी।



सीजीएमएससीएल ने विकसित किया डीपीडीएमआईएस पोर्टल

## खबर संक्षेप



### छत्तीसगढ़ बॉडी बिल्डर और पॉवर लिफ्टिंग की टीम चयनित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन और पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में रविवार को ताम्रकार प्लेटिनम फिटनेस जिम लाखेनगर में बॉडी बिल्डिंग और पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता में 51000 कैश एवं सभी विजयी खिलाड़ियों को कप और मैडल से सम्मानित किया गया। छग बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के महासचिव मानिक ताम्रकार और छग पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन के महासचिव प्रदीप क्षत्रिय ने बताया कि इस प्रतियोगिता में छग की बॉडी बिल्डर एवं पॉवर लिफ्टिंग की टीम चयनित हुई। चयनित बॉडी बिल्डर में सन्नी साहू, लीलाराम नेताम, कन्हैयालाल यादव, परमानंद टांडी, डोमेंद्र साहू, छगन साहू, कुबेर यादव, भरत मंडावी, संजय ध्रुव, प्रवीण जाधव पुरुष वर्ग में, महिला वर्ग से अंशु कटियार चुने गए। इसी प्रकार पॉवर लिफ्टिंग में सब जूनियर स्ट्रांग मैन वेंकटेश्वर साहू, नागेश्वर साहू, जूनियर में अजीत कांसकर, आलोक शर्मा, सोमेश सिंह ठाकुर, राकेश पटेल और सीनियर में विक्की उइके, रवि नेताम, मास्टर वर्ग में रोहित कुमार चौधरी एवं 78 वर्षीय नवीन चंद्र कपूर, महिला वर्ग में आस्था झा चुने गए। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथियों दुर्गेश साहू, प्रोटीन विला के संचालक और विशेष अतिथि श्रवण सिंह ठाकुर सरपंच पाटन एवं पूर्व पार्षद गुढ़ियारी के पुरुषोत्तम देवांगन थे।

### पहलगाम शहीदों को दी श्रद्धांजलि, आतंकवाद का पुतला फूंका



**रायपुर।** महंत लक्ष्मी नारायण दास वार्ड और ब्राह्मण पारा वार्ड के रहवासियों ने पुरानी बस्ती लोहार चौक पर सोमवार को आतंकी हमले में शहीद हुए स्व. दिनेश मिरानिया को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। साथ ही आतंकवाद का पुरजोर विरोध किया और नारे भी लगाए। श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद लोहार चौक से लाखेनगर तक कैंडल मार्च निकालकर वहां आतंकवाद का पुतला ईदगाहभाठा मैदान में जलाया गया। भारत माता की जय और वंदेमातरम के नारे से मैदान गूंज उठा। कार्यक्रम को सफल बनाने में पुरानी बस्ती थाना प्रभारी और पुरानी बस्ती पुलिस सहयोग रहा। कार्यक्रम में रवि सोनकार, राजेंद्र कौशिक, विश्वकर्मा चाचा, चंद्रदेव सोनकर, मोंटू घोष, दीपक यादव सहित वार्ड की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

### अध्यक्ष कावेरी की पहल पर लगा संकेतक बोर्ड

**महासमुंद।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य में सुशासन तिहार के अंतर्गत जनसरोकार एवं जनसुविधा से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। इसी क्रम में शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय मचेवा की छात्रा संघ अध्यक्ष कावेरी साहू ने विद्यार्थियों और आगंतुकों की सुविधा के लिए महाविद्यालय मार्ग पर संकेतक बोर्ड लगाए जाने की पहल की। कावेरी साहू ने आवेदन क्रमांक 25544625 400037 के माध्यम से दिशा-सूचक संकेतक बोर्ड की मांग संबंधित विभाग से की।

# बोरवेल करने सौ के करीब आवेदन, नहीं मिली अनुमति, नियमित हो रही दो दर्जन से ज्यादा खुदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गर्मी के दिनों में जिला प्रशासन की अनुमति के बगैर बोरवेल खुदाई करने पर रोक है। इसकी वजह वाटर लेवल का नीचे जाना है। अप्रैल से 15 जून के बीच बोरवेल खुदाई करने जिला प्रशासन से अनुमति लेना अनिवार्य है। जिला प्रशासन विशेष परिस्थिति में बोरवेल की खुदाई करने अनुमति देता है। बावजूद इसके शहर के साथ अलग-अलग ग्रामीण क्षेत्रों में बोरवेल का काम करने वाले ज्यादा पैसे लेकर बोरवेल खुदाई कर रहे हैं।

एडीएम देवेंद्र पटेल के अनुसार बोरवेल करने सौ के करीब आवेदन आए हैं। उनमें से किसी को बोरवेल करने अनुमति नहीं दी गई है। इस संबंध में रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह से संपर्क किया गया, तो उनका कहना है बगैर अनुमति जहां बोरवेल के लिए खुदाई की जा रही है, शिकायत मिलने पर कार्रवाई करेंगे। बोरवेल खुदाई करने वाले लोग दिन के बजाय रात के समय बोरवेल के लिए खुदाई करने का काम करते हैं। इसकी वजह रात के समय बोरवेल की खुदाई करने पर किसी की नजर नहीं पड़ती।

### दो दर्जन से ज्यादा बोरवेल की खुदाई

एक बोरवेल संचालक ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि राजधानी में दूसरे राज्य के लोग आकर बगैर अनुमति लिए जिले के अलग-अलग इलाकों में बगैर अनुमति बोरवेल खुदाई कर रहे हैं। इसके चलते जो स्थानीय स्तर पर बोरवेल के काम करते हैं, उन्हें सीजन में बोरवेल का काम नहीं मिल पाता।

## अफसर बोले- कहां हो रही खुदाई, जानकारी देने पर करेंगे कार्रवाई

### बोर करने आठ से दस हजार वसूल रहे

एक बोरवेल की खुदाई करने में पांच से छह हजार रुपए का खर्च आता है। ऑफ सीजन में बोरवेल के लिए खुदाई करने वाले संचालक बोरवेल करने आठ से दस हजार रुपए वसूल रहे हैं। उनके खिलाफ कोई शिकायत न करें, इसके लिए स्थानीय स्तर पर नेताओं तथा संबंधित थानों को पैसे देकर बोरवेल खुदाई करने का काम कर रहे हैं।



### बगैर अनुमति बोरवेल करने पर जब्ती

अप्रैल से 15 जून के बीच बगैर अनुमति बोरवेल के लिए खुदाई करने पर बोरवेल वाहन की जब्ती की कार्रवाई के साथ रजिस्ट्रेशन रद्द करने का प्रावधान है। बावजूद इसके अवैध रूप से बोरवेल करने वालों को प्रशासन का खौफ नहीं और प्रशासन के नाक के नीचे बोरवेल करने का काम कर रहे हैं।

### इसलिए बोरवेल खुदाई पर रोक

गर्मी के दिनों में वाटर लेवल तय मानक से काफी नीचे चला जाता है। ऐसे में बोरवेल खनन करने पर वाटर लेवल के और नीचे जाने का खतरा रहता है। इस वजह से गर्मी के दिनों में बोरवेल खनन करने रोक लगाई गई है। लोग पानी का ज्यादा स्त्रोत मिल पाए इसलिए बारिश, ठंड के बजाय गर्मी के दिनों में बोरवेल कराना चाहते हैं।

## चंदनीडीह, अटारी, उरला, सिलतरा के कुछ हिस्सों में 1000 फीट गहराई पर पानी

# शहर सहित आउटर में गिरा भूजल स्तर दर्जनभर इलाके सेमी क्रिटिकल जोन में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी सहित आसपास के आउटर इलाके में लगातार हो रहे बोरवेल खनन से भूजल स्तर में तेजी से गिरावट आई है। दर्जनभर इलाके ऐसे हैं, जिसे भूजल वैज्ञानिक ने सेमी क्रिटिकल जोन करार दिया है। वहीं शहर से लगे चंदनीडीह, भनपुरी, उरला, सिलतरा के कुछ हिस्सों में 1000 फीट गहराई तक पानी चला गया है। राजधानी के पॉश इलाके शंकरनगर, अवंतिविहार, सड्डू, कचना, दलदल सिवनी, डूंडा, विधानसभा का जीरो पाइंट इलाका ऐसा है, जहां पहले 400 से 500 फीट बोरवेल खनन पर पानी मिलता था, आज उन इलाकों में 600 से 800 फीट तक ग्राउंड वाटर का लेवल चला गया है, जबकि शहर के कुछ पुराने रहवासी इलाके अभी सेफ जोन में हैं, जहां 300 फीट में पर्याप्त पानी मिलने की स्थिति बरकरार है।

- खमतराई, भनपुरी, अवंतिविहार, शंकरनगर, सड्डू, दलदल सिवनी में ग्राउंड वाटर 600 से 800 फीट

शहर में तेजी से गहराते जल संकट और राजधानी सहित आसपास के इलाकों में निजी कालोनियों के तेजी से विकास के चलते अंधाधुंध भूजल दोहन ने भूजल वैज्ञानिकों की चिंता बढ़ा दी है। दर्जनभर रहवासी इलाके को सेमी क्रिटिकल जोन की श्रेणी में माना गया है।



### सेफ जोन में शहर के ये इलाके

*300 से 400 फीट :* तात्यापारा, कंकालीपारा, ब्राम्हणपारा, अवधियापारा, आजाद चौक, हांडीपारा, समता कालोनी, चौबे कालोनी, गीतानगर, सदरबाजार, सत्ती बाजार, रामसागरपारा, बढ़ई पारा, बूढ़ापारा, पचपेड़ी नाका, भाठागांव, संतोषी नगर, लक्ष्मीनगर, भैरव सोसाइटी,दावड़ा कालोनी, सरोना, रायपुरा,डीडीनगर, सुंदरनगर,चंगोराभाठा, डगनिया, शांतिविहार, विनायक विहार, लाखेनगर का क्षेत्र।

### किस इलाके में कितना फीट नीचे पानी

- *800 से 1000 फीटः* चंदनीडीह, अटारी, उरला के कुछ हिस्से, सिलतरा, सेमरिया।
- *600 से 800 फीटः* शंकरनगर, अनुपमनगर, राजीवनगर, अवंतिविहार, शिवानंद नगर, श्रीनगर खमतराई, भनपुरी, सड्डू, मोवा, दलदल सिवनी, कचना, डूंडा, सेजबहार,जीरो पाइंट विधानसभा, फुंडहर, दोंदेखुर्द, सिविल लाइन, जलविहार कालोनी, श्यामनगर।
- *400 से 600 फीटः* शांतिनगर, न्यूशांतिनगर, शैलेंद्रनगर, टैगोरनगर, लभांडी, भावना नगर, गीतांजलि नगर, तेलीबांधा क्षेत्र, राजेंद्रनगर, देवपुरी, डूमरतराई, लालपुर, कौशिल्याविहार, प्रियदर्शिनी नगर, कटोरातालाब क्षेत्र।

### कचना, मोवा सड्डू, पिरदा ड्राइ एरिया, 600 से 800 फीट में पानी

कचना, सड्डू, मोवा, दलदल सिवनी ड्राई एरिया है यहां बोरेवल खनन में 600 से 800 फीट में पानी मिलता है। इसी तरह पिरदा की भी यही स्थिति है। वाटर लेवल बढ़ाने बारिश में जिस स्थान पर जलभराव होता है , उसके आसपास शासन स्तर पर सोखता गड्ढा बनाकर जाली लगा दी जाये तो भूजल स्तर बढ़ेगा। - **गौरीशंकर दुबे,** *अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ बोरवेल एसोसियेशन*

## भूजल विशेषज्ञ का व्यू

### हर साल 50 फीट से अधिक नीचे जा रहा ग्राउंड वाटर लेवल

राजधानी में हर साल 50 फीट से भी अधिक भूजल स्तर में गिरावट आ रही है। इसकी मुख्य वजह वर्षा जल संग्रह के प्रति लापरवाही और कंक्रीटीकरण प्रमुख है। प्राकृतिक स्त्रोतों से भूजल का लगातार दोहन हो रहा है। भवन निर्माण के समय रैनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अनिवार्य रूप से लगाने का सिस्टम विकसित करने की जरूरत है।

- **विपिन दुबे,** *भूजल विशेषज्ञ, रायपुर*

### कचना, चंदनीडीह, सोनडोंगरी में 600 फीट में पानी

शहर के लभांडी, कचना, सोनडोंगरी, चंदनीडीह इलाके में भूजल स्तर में गिरावट आई है। यहां बोरवेल खनन कराने पर 600 फीट गहराई में पानी की उपलब्धता देखी गई है।

- **नरसिंग फरेंद्र,** *कार्यपालन अभियंता, जल विभाग*

# आतंकी हमले में शहीद दिनेश मरानिया को दी श्रद्धांजलि, रवि भवन रहा बंद



**रायपुर।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए बर्बर आतंकी हमले में रायपुर के युवा व्यापारी दिनेश मिरानिया सहित अनेक निर्दोष सैलानियों की निर्मम हत्या के विरोध में रवि भवन व्यापारी संघ, रायपुर के आह्वान पर सोमवार को दोपहर 1 बजे तक रवि भवन परिसर की समस्त दुकानें एवं व्यापारिक प्रतिष्ठान पूर्णतः बंद रखे गए। व्यापारियों ने रायपुर के दिनेश मिरानिया सहित सभी मृतकों को श्रद्धांजलि दी। रवि भवन ऑडिटोरियम में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में दिवंगत दिनेश मिरानिया के परिवारजन भी उपस्थित रहे। सभा में रायपुर शहर के अनेक व्यापारी, वरिष्ठ सामाजिक एवं व्यापारिक संगठन प्रतिनिधि सम्मिलित हुए और सभी ने पुष्प अर्पित कर दिवंगत आत्माओं को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। सभा में वक्ताओं ने इस भीषण आतंकी घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा, अब आतंकवादियों के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई का समय आ गया है। रवि भवन व्यापारी संघ के अध्यक्ष जय नानवानी ने बताया, हमारे संघ और समस्त व्यापारियों ने केंद्र सरकार से मांग की है कि हमले में मारे गए सभी निर्दोष नागरिकों को शहीद का दर्जा दिया जाए। मृतकों के परिवारों को पर्याप्त आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। पीड़ित परिवारों के योग्य सदस्यों को शीघ्रता से सरकारी नौकरी प्रदान की जाए।

# राजातालाब होगा जलकुंभी मुक्त सफाई शुरू, गहरीकरण होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड स्थित राजातालाब जलकुंभी मुक्त होगा। तालाब में फैली जलकुंभी को निकालने और तालाब गहरीकरण करने सहित तले तक इसकी सफाई कराई जायेगी। इसके लिए नगर निगम ने 7 लाख का टेंडर किया है। तालाब से जलकुंभी हटाने का काम सोमवार से शुरू हो गया है। वार्ड पार्षद आकाश तिवारी ने स्थल पर पहुंचकर तालाब सफाई कार्य का जायजा लिया। दरअसल, राजातालाब में जलकुंभी की भरमार होने से वार्डवासियों को निस्तारी के कार्य में परेशानी हो रही थी। तालाब में गाद की मोटी परत जमने से तालाब सूखने लगा था। लोगों की परेशानी को देखते हुए पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड पार्षद आकाश तिवारी ने विगत दिनों नगर निगम आयुक्त विश्वदीप के समक्ष राजातालाब को नया स्वरूप देने और तालाब में फैले जलकुंभी हटाने सहित गहरीकरण की मांग की थी। उनकी मांग पर आयुक्त विश्वदीप ने संज्ञान लेते हुए जलकुंभी हटाने का कार्य प्रारंभ करा दिया है। इससे आने वाले दिनों में तालाब स्वच्छ और सुंदर स्वरूप में नजर आयेगा।

- वार्ड पार्षद आकाश तिवारी ने सफाई कार्य का लिया जायजा



# छत्तीसगढ़ आयुर्वेद अधिकारी संघ के अध्यक्ष डॉ. पंडा का सम्मान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ आयुर्वेद अधिकारी संघ के नवनियुक्त प्रांताध्यक्ष डॉ. गदाधर पंडा का एक कार्यक्रम में सम्मान किया गया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में आयुर्वेद चिकित्सक उपस्थित रहे। सम्मान समारोह में संघ के संरक्षक डॉ. परस शर्मा, उप प्रांताध्यक्ष डॉ. कोमल, महामंत्री डॉ. प्रशांत रावत, प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. ऐश्वर्य साहू, संयुक्त संपादक डॉ. अनिल सोनी, वरिष्ठ पदाधिकारी डॉ. अजय नायक, तथा चिकित्सक उपस्थित रहे। डॉ. परस शर्मा ने कहा, संघ की सबसे बड़ी ताकत उसकी एकता, निरंतरता और निष्ठा है। उन्होंने सभी सदस्यों से आव्हान किया कि वे संगठन के हित में एकजुट होकर संघर्ष करें, क्योंकि संगठित प्रयासों से ही शासन-प्रशासन पर प्रभाव पड़ता है और मांगें पूरी होती हैं। डॉ. गदाधर पंडा ने कहा, वे संघ की मजबूती और विस्तार के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि चाहे चिकित्सकों की समस्या छोटी हो या बड़ी, संघ उसे गंभीरता से लेगा और समाधान के लिए हरसंभव प्रयास करेगा। डॉ. पंडा ने कहा, संगठन की मजबूती से ही आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति और आयुर्वेद चिकित्सकों का भविष्य उज्ज्वल होगा।








# मोर आवास मोर अधिकार: पीएम आवास सर्वे में पंजीयन का आज अंतिम दिन

## मोर दुआर-साय सरकार महाभियान के तहत किया जा रहा सर्वेक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसीवां

प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची में जो ग्रामीण छूट गए हैं, उनके लिए एक बार फिर से अवसर दिया जा रहा है। इसके अंतर्गत पात्रता की शर्तें पूरा करने वाले पात्र परिवारों को ही लाभान्वित किया जाएगा। मोर आवास मोर अधिकार अंतर्गत मोर दुआर-साय सरकार महाभियान विशेष सर्वेक्षण पखवाड़ा में सर्वेक्षण करने का अंतिम तिथि 30 अप्रैल है। ग्राम पंचायतों में सर्वे करने हेतु ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक एवं आवास मित्र को प्रगणक बनाया गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के आव्हान पर प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत छूटे हुए शत-प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को आवास प्लस 2.0 में शामिल करने चलाए जा रहे मोर दुआर साय सरकार अभियान में जिले के जनप्रतिनिधि उत्साह से शामिल होकर पात्र हितग्राहियों का आवास प्लस 2.0 एप्लीकेशन के माध्यम से सर्वेक्षण कर रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण से वंचित पात्र परिवारों के चिन्हांकन कर सर्वेक्षण में शामिल कर तथा कोई भी पात्र परिवार सर्वेक्षण में नहीं छूटे इसके लिए प्रशासनिक अमलों के साथ जनप्रतिनिधि जुटे हुए हैं। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय ग्राम विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के क्रियान्वयन में वर्ष 2024-25 से 2028-29 तक वृद्धि किये जाने का निर्णय लिया गया है। इसके अंतर्गत प्रदेश स्थायी प्रतीक्षा सूची एवं आवास प्लस सूची में छूटे हुए पात्र ग्रामीण परिवारों की पहचान कर लाभांवित के लिए सर्वेक्षण का कार्य किया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा 30 अप्रैल तक सर्वेक्षण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।




### ऐप से भी कर सकते हैं पीएम आवास सर्वे रजिस्ट्रेशन

*प्रगणकों द्वारा आवास प्लस 2.0 मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से सर्वेक्षण का कार्य किया जा रहा है। यदि कोई पात्र परिवार सर्वेक्षण में छूट गया हो तो प्रगणकों से संपर्क कर 30 अप्रैलसे पहले अपना नाम सर्वेक्षण में सम्मिलित करा सकते हैं। इसके साथ ही हितग्राही स्वयं भी अपना सर्वेक्षण स्मार्ट फोन के माध्यम से कर सकते है। इसके लिए प्ले स्टोर में जाकर फेस ऑथेंटिकेशन सहित आवास प्लस के अपडेट लेटेस्ट वर्जन 2.0 के वेबसाइट एवं आधार फेस आईडी अपलोड कर सकते हैं, जिसके लिए पात्र परिवार का आधार कार्ड एवं जॉब कार्ड सहित अन्य जानकारी अपलोड कर कर सकते हैं। इसमें किसी भी प्रकार के तकनीकी समस्या तथा सर्वे कराने हेतु संबंधित जनपद पंचायत के आवास के कर्मचारी पंचायत सचिव, आवास मित्र, रोजगार सहायक से संपर्क कर सकते हैं।*

## खबर संक्षेप

### टीकम बने सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष

**नर्रा।** क्षेत्र के बहुचर्चित लोक कला मंच लोक संध्या संस्था एवं श्रद्धा के फूल मानस मंडली के संस्थापक लोक गायक टीकम पटेल मुनगासेर (झलप) निवासी को छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन महासमुंद जिले के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बनाया गया है। इस नियुक्ति पर जिले के कलाकारों, लोक गायक डिमान सेन, लोक गायक विश्राम यादव, लोक गायक विनोद दीवान, मनोज यादव, बालेश साहू, नाचा गम्मत लोक कलाकार रजीत चक्रधारी सहित कलाकारों ने हर्ष जताया है।

### एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर संगोष्ठी आज

**महासमुंद।** एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर संगोष्ठी का आयोजन 30 अप्रैल बुधवार दोपहर 3 बजे स्थानीय स्वाध्याय केंद्र कॉलेज रोड में आयोजित है। आयोजन समिति छत्तीसगढ़ महतारी सेवा समिति महासमुंद द्वारा बताया गया कि मुख्य वक्ता बतौर भूपेंद्र राठौर पूर्व शासकीय अधिवक्ता, समाजसेवी गण देवेंद्र दुबे, संदीप दीवान, राजश्री ठाकुर, अखिलेश लूनिया, गुलाब जैन होंगे। समिति द्वारा महासमुंद विधानसभा के नागरिकों एवं प्रबुद्धजनों से अपील की गई कि उक्त संगोष्ठी में सादर आमंत्रित है।

### नवागांव स्कूल के छात्रों को कराया न्योता भोज

**महासमुंद।** ग्राम नवागांव में गुरविंदर सिंह एवं उसकी धर्मपत्नी कशिश कौर द्वारा वैवाहिक जीवन के शुभ अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नवागांव के बच्चों के लिए नेवता भोज का आयोजन अपने निवास स्थल में किया गया। नेवता भोज में लड्डू, खीर पूरी, आचार, पापड़, सलाद, केला एवं दाल चावल सब्जी परोसा गया। बच्चों ने भोजन का आनंद बड़े उत्साह से लिया। इस अवसर पर श्रवण सिंह नागी, गुरदीप कौर नागी, शाला विकास समिति के अध्यक्ष पूरन लाल निषाद, संस्था के शिक्षक अरुण कुमार साहू, मेमन कुमार चंद्राकर, अमर साहू, रसोईया दया बाई दीवान, हीरा बाई दीवान, कुमारी बाई एवं सफाई कर्मचारी अमृत बाई उपस्थित थे। सरपंच पार्वती पटेल, संकुल प्राचार्य समीरचंद्र प्रधान, संकुल समन्वयक राजू देवांगन एवं ग्रामीणजनों द्वारा गुरविंदर सिंह एवं उनके परिवार के द्वारा नेवता भोज के आयोजन के लिए प्रशंसा व्यक्त किया। शिक्षकों ने गुरविंदर सिंह, कशिश कौर, श्रवण सिंह नागी, गुरदीप कौर का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## तिहार : ग्रामीण अंचल में हर्षोल्लास से मनाया गया अक्षय तृतीया का पर्व

# अक्ती पर्व पर लोकगीत के साथ हुआ पुतरा-पुतरी विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन

हिरमी क्षेत्र सहित मोहरा, भालेसुर, बरडीह, मुसवाडीह, कुठरौद समेत आसपास के ग्रामीण अंचलों में अक्ती पर्व हर्षोल्लास एवं सांस्कृतिक उत्सव के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से महिलाओं और बालिकाओं ने पुतरा-पुतरी (आक्ति पुत्री) का प्रतीकात्मक विवाह पूरे विधि-विधान और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ सम्पन्न कराया। गांव-गांव में इस पर्व को लेकर उत्साह का माहौल देखा गया। ग्रामीण महिलाओं ने रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजकर मंगल गीतों और लोक धुनों के साथ अक्ती पुत्री की शादी की रस्में निभाईं। विवाह का यह प्रतीकात्मक परंपरा वर्षों से चली आ रही है, जिसमें मिट्टी या कपड़े की बनी पुतली को कन्या और पूतरा को वर मानकर वैवाहिक आयोजन किया जाता है। पूरे आयोजन में हल्दी, चावल, सिंदूर, दीपक, मेंहदी और विभिन्न पूजन सामग्री का उपयोग कर पवित्र वातावरण में परंपरागत विवाह की रस्में निभाई गईं। महिलाएं गीतों के माध्यम से विवाह के विभिन्न भावनात्मक और सांस्कृतिक पहलुओं को प्रस्तुत करती रहीं। इस आयोजन का उद्देश्य नई पीढ़ी को हमारी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ना और सामुदायिक एकता को बढ़ावा देना है। बुजुर्गों ने बताया कि इस पर्व से ग्रामीण जीवन में पारिवारिक एकता, सहयोग और संस्कारों का संचार होता है। हिरमी से लेकर मुसवाडीह तक हर गांव में लोगों की सहभागिता इस पर्व को खास बना देती है। आयोजन के माध्यम से न केवल लोकपरंपरा को सहेजने का प्रयास किया गया, बल्कि सामाजिक सौहार्द और सांस्कृतिक एकजुटता को भी बल मिला।



### अक्षय तृतीया आज, खेती-बारी की होगी पूजा-अर्चना

बलौदाबाजार। आज अक्षय तृतीया है। हिंदू धर्म में अक्षय तृतीया एक अबूझ मुहूर्त की तिथि मानी जाती है। इस दिन बिना किसी शुभ मुहूर्त के कोई भी शुभ काम किया जा सकता है। वैदिक पंचांग के अनुसार वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को अक्षय तृतीया का पर्व मनाया जाता है। अक्षय तृतीया पर शुभ काम करने और शुभ खरीदारी करने की विशेष परंपरा है। इस दिन सोना-चांदी की खरीदारी करने से शुभ फलों में वृद्धि होती है। वहीं मंगलवार को स्थानीय सराफा बाजार ग्राहकी अधिक होने गुलजार बना रहा। वैदिक पंचांग के अनुसार अक्षय तृतीया की तिथि 29 अप्रैल की शाम को शुरू हो गई है, जो 30 अप्रैल को समाप्त होगी। अक्षय तृतीया पर मां लक्ष्मी और भगवान विष्णु की विशेष पूजा-अर्चना करने से कई गुना फल की प्राप्ति होगी। अक्षय तृतीया पर पूजा और खरीदारी करने से घर में सुख-शांति, धन लाभ और वैभव की प्राप्ति होती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार अक्षय तृतीया पर सोना और चांदी की खरीदारी करने का विशेष महत्व होता है।



# स्वच्छता के लिए आल इंडिया लीनेस क्लब ने बांटा डस्टबीन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

ऑल इंडिया लीनेस क्लब सिमगा के सदस्यों द्वारा गर्मी को देखते हुए नगर के चौक चौराहों पर राहगीरों को ठंडे पानी पीने की व्यवस्था करवायी गई। इससे गर्मीभर राहगीरों को शुद्ध व ठंडा पानी मिलेगा। क्लब द्वारा चिंताहरण श्री हनुमान मंदिर के प्रांगण में डस्टबिन रखा गया। इसी तरह गुपचुप, पानठेला, बाजार में गन्ना रस बेचने वाले, मिट्टी के बर्तन घड़ा सकोरा आदि बेचने वाले, फलठेला वाले तथा जहां-जहां गंदगी दिखी उस स्थान के ठेले वालों को डस्टबिन दिया गया। इस तरह छोटे-छोटे दुकानदार डस्टबीन पाकर खुश हुए। क्लब के सदस्यों ने बताया कि यह स्वच्छता पर की गई एक बहुपयोगी पहल है। इससे यत्र तत्र कुड़े कचरे नहीं पड़े रहेंगे तथा पर्यावरण में शुद्धता आएगी। साथ ही हमें भी अपने कार्यक्रम के सार्थकता पर खुशी हुई।

# नेशनल शतरंज में सौम्य और भूमिका दूसरी बार किया क्वालीफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिरकोनी

केंद्रीय विद्यालय संगठन रायपुर संभाग खेलकूद प्रतियोगिता 2025-26 के अंतर्गत चेस टूर्नामेंट कोरबा में आयोजित हुआ। बालिका अंडर- 14 में भूमिका साहू महासमुंद (केंद्रीय विद्यालय ) 5 में 5 अंक स्कोर के साथ (गोल्ड) प्रथम स्थान प्राप्त किया।

रायगढ़ में आयोजित चेस अंडर-17 बालक में सौम्य कुमार महासमुंद (केंद्रीय विद्यालय) ने 6 में सर्वाधिक 5 अंक स्कोर के साथ (गोल्ड) प्रथम स्थान प्राप्त किया है। आगामी होने वाले केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा 54वीं राष्ट्रीय खेल समारोह में शतरंज खेल में भाग लेंगे। गत वर्ष भी शतरंज में दोनों केंद्रीय विद्यालय संगठन के 53वीं राष्ट्रीय खेल महोत्सव में रायपुर संभाग छत्तीसगढ़ से प्रतिनिधित्व करने वाले टीम में शामिल थे। इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के सचिव हेमंत खुटे, हरिकृष्ण रेड्डी शतरंज प्रशिक्षक राजनांदगांव, शिक्षक वीएन प्रधान, संदीप पटले, नारायण साहू, दिनेश चंद्राकर, रूपेश पटेल, राजेश साहू, राजू कंवर, विजय साहू, खिलेश सोनबेर, राजेंद्र हनुमंता, चंद्रहास साहू, आनंद साहू, सुभाष साहू, नाना साहेब मानिकपुरी, गोपाल साहू, गजेंद्र साहू सहित परिवारजनों एवं शिक्षकों ने हर्ष जताया है। बिरकोनी निवासी नारायण लाल साहू के नाती सौम्य कुमार साहू और भूमिका साहू केंद्रीय विद्यालय महासमुंद में अध्ययनरत छात्र है तथा शिक्षक दंपत्ति ईश्वर साहू व लेखनी साहू के पुत्र-पुत्री है।





# छात्रों के भविष्य निर्माण में शिक्षकों की भूमिका अहम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

देश के भविष्य निर्माण में शिक्षक की अहम भूमिका होती हैं। शिक्षक अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए छात्रों को ज्ञान, संस्कृति, राष्ट्रभक्ति, संस्कार का पाठ पढ़ाकर बच्चों के भविष्य के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण करते हैं। जिस प्रकार माली पौधे को उत्तम खाद, बीज, जल देकर उसे तैयार करते हैं, उसी प्रकार शिक्षक भी अपना सब कुछ न्यौछावर कर विद्यार्थियों को गढ़ने का काम करते हैं। उक्त बात सुनील कुमार नायक राज्यपाल पुरस्कृत व्याख्याता एवं अजय साव व्याख्याता के सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह में अतिथि द्वारा कहीं गई। शाला परिवार द्वारा संकुल स्तरीय सम्मान समारोह, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मठपुरैना रायपुर में सेवानिवृत शिक्षक के विदाई समारोह का आयोजन किया गया। अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के पूर्व महामंत्री यशवंत सिंह वर्मा, प्रभारी प्राचार्य सरोज चंद्राकर, पूर्व प्राचार्य अर्चना चौबे, प्राचार्य चमेली वर्मा के उपस्थिति में सुनील नायक राज्यपाल पुरस्कृत व्याख्याता एवं अजय साव व्याख्याता के विदाई के लिए आयोजन किया गया। अतिथि यशवंत वर्मा ने कहा कि शिक्षक छात्रों में नैतिक, राष्ट्रीय, संस्कारों के मूल्यों को छात्रों तक हस्तांतरण करते हैं। शिक्षक अपनी पूरी निष्ठा, ईमानदारी से अपना दायित्व का निर्वहन कर छात्रों का भविष्य संवारते हैं। शासकीय शालाओं में चुने हुए योग्यताधारी शिक्षक सेवाएं देते हैं, वे अपने छात्रों को शिखर तक पहुंचाने की प्रयास करते हैं। छात्रों को एक नेक इंसान बनाने का लक्ष्य होता हैं। छात्रों की सफलता ही गुरु के लिए सही गुरु दक्षिणा होती हैं। शिक्षक छात्रों के भविष्य को संवारते हैं, वे हमेशा याद किए जाते हैं। बच्चों के प्रथम गुरु माता-पिता होते हैं, तत्पश्चात वे अपने बच्चों को शाला में शिक्षक के पास काफी उम्मीद के साथ सौंपते हैं। छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु शिक्षक की भूमिका अहम होती है। राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक सुनील नायक ने कहा कि अपने 38 वर्ष की सेवा में अनुभव किया कि, छात्रों को उनके रुचि के अनुसार कक्षा अध्यापन कराने से उनमें अधिगम, दक्षता का विकास होता हैं। शिक्षक द्वारा कही गई बातों को छात्र ठीक समझ सके। उनकी जिज्ञासा को समझकर उनकी समस्या का समाधान करें।





■ संकुल स्तरीय सम्मान समारोह और विदाई समारोह में शामिल हुए शिक्षक और छात्र-छात्राएं

### शिक्षादान से छात्र अपने लक्ष्य को करते हैं हासिल

मुख्य अतिथि अर्चना चौबे ने कहा शिक्षक को अपने जीवन में सबसे बड़ी उपलब्धि उनके द्वारा दी गई शिक्षादान द्वारा छात्र अपने लक्ष्य को प्राप्त करते हैं। शिक्षा के क्षेत्र में कार्य की सराहना करते हुए कहा कि समर्पित शिक्षक होने के साथ साथ कुशल नेतृत्वकर्ता रहे। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के विभिन्न पदों पर रहकर शिक्षक एवं शिक्षाहित की लिए कार्य किया। प्रभारी प्राचार्य सरोज चंद्राकर एवं सभी स्टाफ द्वारा उत्तम स्वास्थ्य, शतायु होने की कमाना की। विदाई समारोह में शाला परिवार के गोविंद सोनी, लेमन ठाकुर, बाबूलाल पटेल, मनोज बारीक, शैल चंद्रवंशी, रामलाल पटेल, संगीता मिश्रा, रितु वैष्णव, विजय भारती पटेल, सुषमा कंवर, श्वेता यास्मीन, ममता वर्मा, चित्रलेखा नेताम, जितेंद्र सिन्हा, मोहित वर्मा, छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ, राहुल वर्मा, चित्रलेखा नेताम,चंद्रभूषण शुक्ला, आरती पांडेय, संजीव बल्लाल, सरिता त्रिपाठी, सविता श्रीवास्तव, जया मिश्रा, संध्या देशपांडे, प्रज्ञा झा, संदीप नेताम, विद्या नायडू, कोमल सिंहा, देवाशीष भोई, निक्की चौरसिया, लक्ष्मी पटेल, मंजू नेताम, ज्योति शिंदे, पूजा ठाकुर, संदीप चंद्राकर, उत्तम पांडे, छोटे लाल, अंकिता तिवारी, कुसुम सोनी, गंगा नायक, तृप्ति साव आदि सभी संकुल के शिक्षक, गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन गोविंद सोनी, विजया भारती पटेल द्वारा किया गया।

# रासेयो की कार्यशाला में मना सुशासन दिवस

**हथबंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा शाला प्रांगण में कार्यशाला आयोजित कर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित सुशासन दिवस मनाया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी योगेश कुमार त्रिवेदी ने स्वयंसेवकों को शासन द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी। श्री त्रिवेदी ने वातावरण के बढ़ते तापमान पर चिंता जाहिर करते हुए आने वाले वर्षा ऋतु के लिए पेड़ पौधे एवं बीज तैयार रखने का आव्हान किया। ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान शाला परिसर में रोपित पौधे की रक्षा एवं सुरक्षा पर चर्चा की गई एवं शाला परिसर में पूर्व में रोपित पौधे को पानी दिया गया। तत्पश्चात स्वयं सेवकों की बैठक आयोजित कर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सिमगा के मार्ग दर्शन में ब्लाक के 105 ग्राम पंचायतों में ग्रीष्म कालीन अवकाश के दौरान योग शिविर लगाने पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में शिवानी टंडन, लिली मार्कण्डेय, मुस्कान, हर्षा सेन, झरना सेन, प्रीति, कुर्रे, निधि वर्मा, स्वाति साहू, रूपेंद्र कुमार, चितेश्वर पाल, नीतिक निषाद, प्रेम यादव, कंचन यादव सहित 50 स्वयंसेवकों ने भाग लिया।












